卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 165 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦23 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# विकास का हर संकल्प कर रहा हूँ पूरा-धामी

## 'सरकार के चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब,कार्यक्रम में दिखा भीड़ का अद्भुत नजारा







देहरादून (उद संवाददाता)। देवभूमि उत्तराखण्ड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफल चार वर्ष पूरे होने पर आज यहां परेड ग्राउण्ड में जन जन की सरकार – चार साल बेमिसाल उत्तरोत्तर विकास के पथ पर अग्रसर उत्तराखण्ड कार्यक्रम में जनता का सैलाब उमड़ पड़ा। रोड शो के साथ आयोजन स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जनता ने पुष्प वर्षा और गगनभेदी नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को देख गदगद श्री धामी ने भी जनता पर पुष्पवर्षा करते हुये सिर झुकाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। 23 से 25 मार्च तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का शुभारंभ आज सोमवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस दौरान श्री धामी ने परेड ग्राउंड में लगे स्टालों का उद्घाटन करते हुये उनका अवलोकन किया और एक स्टाल पर पहुंच कर सेल रोटी भी बनाई। विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने भाजपा सरकार की चार वर्ष के कार्यों की उपलब्धियों को गिनाने के साथ ही पूर्व कांग्रेस सरकार व कांग्रेस नेताओं पर स्वयं भ्रष्टाचार तथा घोटालों में लिप्त होने व माफियाओं और देवभूमि की संस्कृति को दूषित करने वालों को संरक्षण देने के आरोप भी लगाये। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में कई एतिहासिक निर्णय लिए,जिनकी सम्पूर्ण देश में सराहना की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के लिये आन्दोलन कारियों ने जिस उद्देश्य को लेकर आन्दोलन किया था। उन सभी को पूरा करने के लिए उन्होंने संकल्प लिया था कि जब भी प्रदेश में भाजपा की सरकार गठित होगी वह उन्हें पूरा करने के लिए पूरे प्रयास(शेष पृष्ठ सात पर)







## पंचम नवरात्र



**नवरात्र के पांचवे दिन मां भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा की जाती है। देवी का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है।**

# आंदोलनकारियों के सपने को पूर्ण करके ही दम लूंगा

देहरादून। परेड ग्राउंड में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशाल जनता को सम्बोधित करते हुये सबसे पहले प्रदेशवासियों को नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं और राज्य आंदोलन के अमर बलिदानियों को नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की देवतुल्य जनता ने मिथक तोड़ते हुए भाजपा सरकार को दोबारा सत्ता में लाने का काम किया। सीएम ने कहा कि जब तक राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को पूरा नहीं कर लेते, तब तक वह चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2021 में पीएम मोदी ने "उत्तराखंड का तीसरा दशक" होने की बात कही थी, जिसे उनकी सरकार ने संकल्प के रूप में



अपनाया और पहले दिन से ही दोगुनी ऊर्जा के साथ काम शुरू किया। मुख्यमंत्री ने अपने चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि राज्य में रेल, रोपवे, सड़क और हवाई कनेक्टिविटी में तेजी से सुधार हुआ है। पहली बार राज्य को जी20 की तीन बैठकों की मेजबानी का मौका मिला। खिलाड़ियों ने 107 पदक जीतकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया। सीएम ने बताया कि ग्लोबल समिट में 3 लाख करोड़ से अधिक के एमओयू साइन हुए, जिससे उद्योगों को बढ़ावा मिला। उद्योगों की संख्या 700 से बढ़कर 1700 तक पहुंच गई है। वहीं 2 लाख 65 हजार महिलाएं 'लखपति दीदी' बनी हैं। पर्यटन क्षेत्र में भी तेजी आई है, जहां होटलों की संख्या(शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेस के समय में खनन माफिया और भ्रष्टाचार का था बोलबाला

देहरादून। अपने कार्यकाल के चार वर्ष पूर्ण होने पर सीएम धामी ने उत्तराखंड की जनता का आभार व्यक्त किया तो वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के आरोपों पर कड़ा पलटवार भी किया। सीएम धामी ने कहा कि खनन के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए केंद्र सरकार से 200 करोड़ की धनराशि भी मिली है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में खनन माफिया और भ्रष्टाचार का बोलबाला था, लेकिन उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। सीएम ने कहा नकल और पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए सख्त कानून लागू किया गया, जिसके बाद 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिलीं और 100 से ज्यादा नकल माफिया जेल में हैं। उनकी सरकार ने मदरसा बोर्ड को खत्म करने और अवैध मदरसों पर कार्रवाई जैसे बड़े फैसले लिए। साथ ही 'ऑपरेशन कालनेमी' के तहत पाखंडियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। सीएम धामी ने कहा कि कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति से मोह हो गया है। अवैध मजारों और जिहादियो के खिलाफ सरकार की कार्यवाई का विरोध किया जाता है। मगर उनके कार्यकाल में देवभूमि के स्वरूप को किसी भी सूरत में नहीं बदलने दिया जायेगा।

# नवरात्र में नॉनवेज परोसे जाने को लेकर रेडिसन ब्लू होटल घिरा विवादों में

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के दौरान शहर में नॉनवेज बिक्री पर लगी रोक के बावजूद एक और बड़ा मामला सामने आया है। केएफसी और बर्गर किंग के बाद इस बार देश-विदेश में प्रतिष्ठित रेडिशन ब्लू होटल में नॉनवेज परोसे जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को आयोजित एशियन लीजेंड्स लीग की ट्रॉफी लॉन्च प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद यह मामला सामने आया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई दिग्गज क्रिकेटरों की मौजूदगी रही और ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया गया। हालांकि, कार्यक्रम के बाद आयोजित भोजन ने पूरे आयोजन को विवादों में ला दिया। प्रेस वार्ता समाप्त होने के बाद मीडिया और अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसमें नॉनवेज परोसे जाने का आरोप है। इस दौरान मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों ने पूरे घटनाक्रम को कैमरे में कैद कर लिया। मामला सामने आते ही शहर में चर्चा का विषय बन गया। गौरतलब है कि रुद्रपुर के महापौर विकास शर्मा द्वारा चैत्र नवरात्र के मद्देनजर नगर निगम क्षेत्र में नॉनवेज बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस फैसले की न केवल रुद्रपुर, बल्कि अन्य शहरों में भी(शेष पृष्ठ सात पर)



# शिव मंदिर की जमीन कब्जाने को लेकर बबाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित शिव मंदिर की जमीन को लेकर आज दो पक्षों में जमकर बबाल हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों पक्षों से मामले की जानकारी लेकर उन्हें शांत किया। बताया जाता है कि ट्रांजिट कैम्प रोड़ पर झील मोड़ के आगे स्थित श्री शिव मंदिर की जमीन पर एक अन्य मंदिर कर निर्माण किया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर क्षेत्र के कई लोग मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने हो रहे निर्माण कार्य का यह कहकर विरोध करना शुरू कर दिया कि निर्माण के नाम पर मंदिर की भूमि पर कब्जा नहीं होने दिया जायेगा। उनका कहना था कि इस भूमि पर भविष्य में धर्मशाला का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान मंदिर निर्माण का कार्य करवा रहे व्यक्तियों ने विरोध होते देख काम रूकवा दिया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को चेतावनी देते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था को भंग नहीं होने दिया जायेगा। जो भी व्यक्ति इसमें बाधा पहुंचायेगा उसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।



# माँ तेरियां चुन्नियां लाल लाल, तेरे सौंणे झंडे लाल







## नवरात्र के चौथे दिन माता की चौकी में उमड़ा आस्था का सैलाब

रुद्रपुर। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन श्री नीलकंठ धाम मंदिर के तत्वाधान में फुलसुंगी स्थित समाजसेवी संजीव छाबड़ा के आवास पर भव्य माता की चौकी एवं दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महामाई और बाबा का गुणगान किया तथा भक्ति में लीन होकर देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योत प्रज्वलन के साथ छाबड़ा परिवार द्वारा की गई। इसके पश्चात गणेश वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा तथा श्री बालाजी महाराज, भैरवनाथ और प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का विधिवत शुभारंभ हुआ। भजन संध्या के दौरान माता रानी, भोलेनाथ और बालाजी महाराज के मधुर भजनों ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।भजन गायक विनीत अरोरा ने मेरी बिगड़ी बनाने में क्यों देर लगाई है, मेरी तुमसे लड़ाई है भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं सुमित वार्ष्णेय ने माँ तेरियां चुनियां लाल लाल, तेरे सोहणे झंडे लाल और नच्चो गाओ भगतो, आज है जगराता जैसे भजनों से माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।भजन गायक गुड्डू लक्खा ने सर को झुका लो शेरावाली को मना लो, करदी मेहरबानियां माँ गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा सौरभ वार्ष्णेय ने शेरावाली नूं पसंद किवें आई तथा मैय्या जी शेरावालिए, मैं केनी आ तू कर मेहरां दी छां जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही बटोरी।वहीं, भजन गायिका वंशिका मनोचा ने मेरा जी कल्याणी नाल दो गल्लां करन नूं जी करदा भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। दरबार में भक्त भजनों पर झूमते रहे और मां के जयकारों से पूरा पंडाल गूंजता रहा।दरबार के दौरान महंत विकास शर्मा पर माता रानी और बालाजी महाराज की कृपा प्रकट होने पर श्रद्धालुओं ने उनका आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस अवसर पर छाबड़ा परिवार के संजीव छाबड़ा, विनीता छाबड़ा, शकुंतला रानी, अक्षत छाबड़ा, परी छाबड़ा सहित सचिन खुराना, अजय चड्ढा, अमित अरोड़ा, विवेक दीप सिंह, पम्मी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, पारस चुघ, चिराग कालरा, राघव खुराना, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, सुरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, पवन खनिजों, पवन रंगीला, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, अनुज पाठक, रोहित मदान, मुकेश शर्मा, अमन खुराना, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रविंद्र वार्ष्णेय,मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, संगीता बठला,सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला, रेशू सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजों, सीमा रानी, रामबेटी, चिका शर्मा सहित काफी संख्या में भक्त और भक्तानिया मौजूद थी।

## पुलिया धंसने से पलटा वाहन, चालक घायल

गदरपुर। गदरपुर-मटकोटा निर्माणाधीन डबल लेन सड़क पर रामबाग गांव के पास सड़क पर बनी पुलिया धंसने से मिक्सर सामाग्री ले जा रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया की दीवार तोड़ता हुआ पलट गया। घटना में वाहन चालक गोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मटकोटा मार्ग पर रविवार को एक



वाहन वाहन मिक्सर प्लांट से निर्माण सामग्री लेकर हल्द्वानी रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क के किनारे बनी पुलिया अचानक धंस गई, जिससे वाहन संतुलन खो बैठा और पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थानीय लोगों ने किसी तरह चालक को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल भिजवाया। लोगों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिया का निर्माण बेहद घटिया सामग्री से किया गया है। जिससे पुलिया भारी वाहनों का भार सहन नहीं कर सकी। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अपर सहायक अभियंता हरीश बसेरा ने आरोपों को खारिज करते हुए हादसे के लिए ओवरलोड वाहन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि फिलहाल सड़क का सिंगल लेन निर्माण कार्य चल रहा है और इस दौरान अधिक भार से लदा वाहन पुलिया से टकरा गया, जिससे यह दुर्घटना हुई।

## ओमैक्स रिवेरा में मां के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रुद्रपुर। शहर की पॉश सोसाइटी ओमेक्स रिवेरा में चौत्र नवरात्र महोत्सव पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के चौथे दिन सजी माता की भव्य चौकी में श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए।इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक रितेश मनोचा द्वारा प्रस्तुत भजनों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूम उठे। पूरा वातावरण माँ भगवती के जयकारों से गूंज उठा और सोसाइटी में भक्तिमय माहौल बन गया।सोसाइटी में पहली बार आयोजित हो रहे इस 9 दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक माता की चौकी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न प्रसिद्ध भजन गायक-गायिकाएं माँ भगवती का गुणगान कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, 27 मार्च को दोपहर 12:30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।चौथे दिन पूजन का कार्य दिनेश श्यामपूरिया एवं चेतन भसीन के परिवार द्वारा संपन्न कराया गया। चौकी में बड़ी संख्या में भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाकर माता रानी का गुणगान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव अरोरा, योगेश वर्मा, अभिनव छाबड़ा, विनीत कक्कड़, ललित गोयल, अमित, ध्रुव सिंघल, संदीप विजन, नीरज त्यागी, संदीप अग्रवाल, सचिन गुम्बर, संजय धौढियाल, श्रीकर सिन्हा, तरुण, योगेश लाम्बा, के.के. श्रीवास्तव, मोहित कक्कड़ सहित अनेक सेवादारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





## भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अभिनव निष्कासित

काशीपुर। पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अभिनव राजपूत को तत्काल प्रभाव से संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। यह कार्यवाही भाजपा जिला महामंत्री के द्वारा अमल में लाई गई। जानकारी के मुताबिक कवि नगर मंडल अध्यक्ष कल्पना राणा द्वारा अभिनव राजपूत की नियुक्ति की गई थी। जिला महामंत्री ने बताया कि पिछले कुछ समय से अभिनव राजपूत पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया। इसी के दृष्टिगत उसे संगठन से निष्कासित कर दिया गया। जिला अध्यक्ष मनोज पाल ने कार्यवाही को उचित ठहराया।

## मंदिरों में आज मां स्कन्द माता की हुई पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नवरात्र पर्व पर आज पांचवें दिवस पर सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण व विधिविधान से मां स्कन्द माता की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने पूजा के दौरान मां को नारियल, चुनरी, पान, सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित किया। श्रद्धालुओं के जयघोषों से सभी मंदिर गुजायमान होते रहे। अनेंक मंदिरों में कई धार्मिक आयोजित किये जा रहे है। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधि या बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, शक्ति विहार कालोनी, दरिया नगर, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड़, किच्छा रोड़, काशीपुर रोड़, किच्छा बाईपास रोड़, काशीपुर बाईपास रोड़, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड़, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार, फाजलपुर महरोला आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में आज भी मां की पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।




## आओ मात जी तेरा मंदिर सजाया है..श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भजनों में झूमे भक्तजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चैत्र मास के पावन नवरात्र पर्व के चतुर्थ दिवस पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित माता की चौकी में रविवार की रात्रि भजन गायक कलाकारों ने माता के भजन सुनाकर मां की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान मंदिर परिसर माता के जयघोषों व तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान होता रहा। सर्व प्रथम जजमान जगदीश टंडन, सोनिया टंडन, अमन टंडन, शुभि टंडन, आकाश टंडन, नवनीत टंडन, एकान टंडन, बाणी टंडन व गुरबानी टंडन ने पंडित सालिगराम पाण्डेय व नन्दकिशोर जोशी की अगुवाई में माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके पश्चात माता की चौकी का शुभारम्भ किया गया। भजन गायक अमित अरोरा ने गुरू वन्दना, गणेश वन्दना, देवी देवताओं का आव्हान व फूलों की वर्षा के भजन सुनाये। जिसके बाद काशीपुर से आई भजन गायिका निशा अरोरा ने मेरा किसे न पूछया हाल, मां मैनूं रख चरणा दे नाल, तेरा दर्शन करने आई लोग कहें जय माता दी, सर को झुका के शेरां वाली को मनाया, कर दे मेहरबानियां, तूनें मुझे बुलाया शेरां वालिए, मां मुरादें पूरी कर दे हलवा पूरी बांटूंगी, ज्योत जलाके मां को मनाऊंगी, दर ते आवां मैं हर साल नी माये, पूरे कर दे तूं मेरे सवाल नीं माये, मेरे कलेयां दा दिल नहीं लगदा मां मेरे घर आ माता, मेरी चिंता पूर्णी माता मेरे चिंता दूर करो, सच्चियां ज्योतां वालिए पहाड़ां वालिए आदि भजन सुनाये। जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु तालियां बजाते हुए मां की भक्ति में मग्न होकर नाचते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, विजय जग्गा, अश्वनी बजाज, गौरव बेहड़, अमित अरोरा, मनोज मुंजाल, राकेश सुखीजा, राकेश राजदेव, विजय विरमानी, पवन गाबा, राजेश छावड़ा, सचिन मुंजाल, सुरेन्द्र रज्जी, मोहन भुड्डी, राजेन्द्र खनीजो, नरेश छावड़ा, साक्षी सुखीजा, किरन जग्गा, शशि अरोरा, सोनिया अरोरा, बीना बेहड़, पूर्वी बेहड़, सोनिया सुखीजा, आशा गाबा, मानूषी गाबा, संजय जुनेजा, राजकुमार सीकरी, राजकुमार भुसरी, हरीश ईश्पुजानी, अजय बंसल, दीपक गुगलानी, राजरानी गुगलानी, श्वेता गाबा, विजय जुनेजा, कमल फुटेला, सागर फुटेला, अशोक चुघ, जीवन फुटेला, शक्ति बठला, रोहित गोयल, साझी गोयल, मोहित बत्रा, साक्षी ग्रोवर, सुरेश जग्गा, रोहित जग्गा, गौरव जग्गा, जतिन सुखीजा, सुमित बब्बर, सचिन तनेजा, गौरव तनेजा, पंकज सुखीजा, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, राजकुमार खनीजो, मनोज अरोरा, सुधीर अरोरा आदि मौजूद थे।







## भव्य महानाम संकीर्तन में ठुकराल ने लिया आशीर्वाद

रुद्रपुर। पिपलिया नंबर-2 क्षेत्र में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ भव्य एवं दिव्य महा नाम संकीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी शामिल हुए। उन्होंने महा नाम संकीर्तन में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया और भंडारे की सेवा में भी योगदान दिया। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।कार्यक्रम में उनके साथ जिला पंचायत सदस्य वरीराई से कोरंगा, खटोला से जिला पंचायत सदस्य तेज



प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य पति सुखदेव हालदार तथा वरीराई क्षेत्र पंचायत सदस्य मनु चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान आनंद शर्मा, करु मंडल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में "राधे-राधे" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमियों को महा नाम संकीर्तन की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक बताया।

## नानकमत्ता में कच्ची शराब की भट्टिया और लाहन किया नष्ट

नानकमत्ता। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 20000 लाहन नष्ट कर दिया। चौकी प्रतापपुर इंचार्ज राजेंद्र पंत ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पक्की खमरिया में देवहा नदी के किनारे पुलिस ने छापा मारकर कच्ची शराब बनाने की दो अवैध भट्टियां बरामद कीं। मौके से शराब बनाने में प्रयुक्त



उपकरण जैसे ड्रम, कनस्तर, पाइप, मटकी आदि भी जब्त किए गए। इसके साथ ही एक रबर ट्यूब में लगभग 70 लीटर कच्ची शराब और एक कावासाकी मोटरसाइकिल भी बरामद हुई। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद तीन आरोपी रविंद्र सिंह उर्फ रवि, गुरमीत सिंह और करण सिंह पुलिस टीम को देखकर फरार हो गए। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। इस दौरान पुलिस ने मौके पर बने 10 गड्ढों में तैयार लगभग 2000 लीटर लाहन भी नष्ट कर दिया।

## गैस की कालाबाजारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रसोई गैस सिलेंडर संकट, बढ़ती कीमतों व कालाबाजारी के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में बुद्ध पार्क में जोरदार विरोध कर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर में माला चढ़ाकर, श्रंद्धाजलि देकर, लकड़ी वाले चूल्हे में भोजन बनाकर तथा केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला। युवा नेता हेमन्त साहू ने कहा गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से रसोई का बजट



बिगड़ गया है। इसका सबसे ज्यादा असर गृहिणियों पर पड़ रहा है, जिन्हें घर का खर्च संभालना मुश्किल हो रहा है। ब्लैक में सिलेंडर 2500 हजार रुपए तक मिल रहा है।कांग्रेस नेता राजेन्द्र बिष्ट व संदीप भसोड़ा ने कहा सरकार ने अच्छे दिनों के सपने दिखाकर बुरे दिन ला दिए हैं। जनता मजबूर होकर लकड़ी के चूल्हे में भोजन बना रही है। प्रदर्शन करने वाले में मुख्य रूप से छात्र नेता मेहूल साह, सचिन राठौर, शाहनवाज मलिक, रेखा जाटव, ज्योति आर्या, विनीता आर्या, प्रेमा सागर, इशहाक खान, मयंक गोस्वामी, अल्का आर्या, रेनू आर्या, देवेन्द्र नेगी, हर्ष शर्मा, सौरभ कुमार आदि थे।

## शहीदों की मूर्ति का अनावरण कर दी श्रद्धांलजि

किच्छा। नगर पालिका परिषद किच्छा द्वारा आवास विकास स्थित शहीद पार्क में स्वतंत्रता की बेदी पर शहीद होने वाले शहीद भगत सिंह, सुखदेव सिंह, और राजगुरु की मूर्ति की स्थापना कर पार्क का सौंदर्यकरण किया है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता की बेदी पर अपने प्राणों को निछावर करने वाले तीनों शहीदों को याद किया गया तथा मूर्ति का अनावरण करते हुए माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव ने अपनी उसे तरुण अवस्था में ही आज के भारत की कल्पना करते हुए कहा था कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले वतन पर मरने वालों का यही बांके निशा होगा। उन्होंने कहा कि आज शहीद भगत सिंह,राजगुरु, सुखदेव का शहीदी दिवस भी है जिसके लिए क्षेत्र की जनता को उनके शहीदी दिवस पर एक मेला के रूप में एकत्रित होना चाहिए था किंतु आज की युवा पीढ़ी शहीदों के इस बलिदान का



महत्व भूलते जा रही है शहीदों के विषय में प्रत्येक भारतीय नागरिक को जानकारी होनी चाहिए तथा जागृत रहना चाहिए और शहीदों को याद करते रहना चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा पार्क का सौंदर्य करण करते हुए तीनों शहीदों की मूर्तियां स्थापित की है तथा शीघ्र ही मूर्तियों के ऊपर तीन सेट भी स्थापित कर दिया जाएगा ।स अवसर पर मुख्य रूप से कुलदीप सिंह बग्गा, मूलचंद राठौर रामावतार अग्रवाल, संजीव सिंह, राम अवतार अग्रवाल, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, राजा सुखीजा , पूरन भट नितिन चरण वाल्मीकि , साहित्य सेकंड लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने राधा गोविन्द मन्दिर के सौंदर्यकरण कार्य का किया लोकार्पण

रुद्रपुर। विधानसभा रुद्रपुर के पिपलिया - 2 क्षेत्र में विधायक शिव अरोरा ने विधायकनिधि से स्वीकृत 10 लाख रूपये की लागत से बने राधा गोविन्द मन्दिर का फीता काटकर लोकार्पण किया व वहाँ आयोजित भागवत कथा का श्रवण कर भगवान राधा कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा पिपलिया क्षेत्रवासियो की मांग के अनुरूप उनके द्वारा विधायकनिधि से भव्य दिव्य राधा गोविन्द मन्दिर का निर्माण कार्य करवाया जो स्थानीय लोगो की आस्था का केंद्र है जहाँ समय समय पर धार्मिक आयोजन कराये जाते है।ऐसे में विधायक शिव अरोरा ने कहा क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है वह लगातार विधानसभा भ्रमण पर है ओर निरंतर विकास कार्यों के शिलान्यास - लोकार्पण कर जनता को समर्पित कर रहें है। वही विधायक शिव अरोरा ने जनता



को भरोसा दिलाया उनसे किये हर वादे पर खरा उतरने का कार्य किया जा रहा है, उन्होंने कहा की उनके कार्यकाल में कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहा है ओर आगे भी रुद्रपुर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य को ओर तेज गति से करने का कार्य किया जायेगा ऐसा जनता को भरोसा दिया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगदीश विश्वास, मन्नू चौधरी, गोविन्द स्वर्णकार, कमल मंडल, रमेश मंडल, कार्तिक हलदार, कन्हाई, समर, ओमप्रकाश, सूरज, कपिल, आशुतोष कीर्तनिया गौतम कर आदि लोग मौजूद रहें।

## शहीद दिवस पर श्रमदान व पदयात्रा का आयोजन

गदरपुर। मेरा युवा भारत उधम सिंह नगर के तत्वावधान में विकासखंड गदरपुर की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला द्वारा ग्राम पंचायत धनपुर विजयपुर के ग्राम चमनगंज में शहीद



दिवस पर श्रमदान, विचार गोष्ठी व पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मयंक कालड़ा द्वारा शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला द्वारा ग्राम प्रधान मयंक कालड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मयंक कालड़ा ने शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए देश की आजादी के क्रांतिकारी आंदोलन के समय इंकलाब जिंदाबाद के नारे के महत्व को युवा साथियों को बताया। कार्यक्रम आयोजक राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तनीशा चावला ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने भारत की जनता को स्वतंत्रता के प्रति जागरूक करने व देश में एक क्रांति लाने के लिए अपनी इच्छा से प्राणों को देश के लिए समर्पित कर दिया। पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुस्कान चावला ने कहा कि अमर शहीद भगत सिंह जी का जीवन युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत है जो अपनी अल्प आयु में भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से मुक्त दिलाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम में उतरे थे। मुख्य अतिथि मयंक कालड़ा ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में गांव के युवाओं ने देश भक्ति नारों के साथ शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव के बलिदान को याद किया। इससे पूर्व ग्राम चमनगंज के युवाओं द्वारा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मनोहर प्रकाश, वार्ड मेंबर गौरव रलहन, समाजसेवी विजेंद्र सक्सेना, युवा मंगल दल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश मंत्री को प्रेस क्लब ने किया सम्मानित

दिनेशपुर। दिनेशपुर प्रेस क्लब कार्यालय में भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा के आगमन पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए उन्होंने मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बताया।भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका है। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को निष्पक्ष रूप से आम जनता तक पहुंचाया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में



राम मंदिर निर्माण तथा जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने जैसे ऐतिहासिक फैसले देश के विकास और एकता के लिए मील का पत्थर साबित हुए हैं। इन महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी समाज के हर वर्ग, विशेषकर गरीब और ग्रामीण तबके तक पहुंचाने में मीडिया की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है।कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता भोला शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, महामंत्री दिवेन्दु राय, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार, संरक्षक सरोज मंडल एवं काजल राय सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा उपाध्यक्ष एल. बी. राय, उपसचिव राहुल विश्वास, ऑडिटर प्रकाश अधिकारी, सदस्य नैनी बढ़ई, संजीव गाइन, केशव कुमार, बृज किशोर मंडल, कालीपद विश्वास, कुणाल कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## ई-केवाईसी व डीएसी के बिना नहीं मिलेगी गैस

गदरपुर। गदरपुर गैस सर्विस के प्रबंधक गणेश आर्य ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि अब गैस सिलेंडर की बुकिंग डिलीवरी के 25 दिन बाद ही की जा सकेगी। इसके साथ ही बिना डीएसी , ई-केवाईसी और गैस किताब के किसी भी उपभोक्ता को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गैस वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन इसके लिए सभी उपभोक्ताओं का ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य होगा।प्रबंधक ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि गैस बुकिंग कराने के बाद अपनी गैस किताब में दिनांक और डीएसी दर्ज कराना सुनिश्चित करें, तभी हम डिलीवरी की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि डिलीवरी के 25 दिन पूरे होने के बाद ही अगली गैस बुकिंग संभव होगी।गैस एजेंसी ने सभी उपभोक्ताओं से नियमों का पालन करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।



'जय माता दी' 'जय बाबा की'
पावन नवरात्र के उपलक्ष्य में श्री बालाजी दरबार एवं
**माता की चौकी**
स्थान:- हिमांशु खुराना जी ( सिटी वन फेस 1 ए ब्लाक हाउस नं० 108 रूद्रपुर ) दिनांक: 23 मार्च 2026 दिन: सोमवार, रात्रि 8 बजे से
निवेदक:-विकास शर्मा एवं सभी भक्त जन श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल ट्रस्ट, रूद्रपुर एवं उत्तरांचल दर्पण परिवार


जन-जन की सरकार
4 साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।
पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
विकसित भारत
सशक्त
उत्तराखण्ड
विरासत भी, विकास भी
इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी
• केदारनाथ-हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना
• दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माण
• ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रगति पर
• टनकपुर-बागेश्वर रेल सर्वे स्वीकृत
• सौंग व जमरानी बांध परियोजना
• पर्वतीय जिलों में हेली सेवा विस्तार
• ₹3.56 लाख करोड़ निवेश समझौते
• ₹1 लाख करोड़+ ग्राउंडिंग
• अर्थव्यवस्था 26 गुना वृद्धि
• ₹1.11 लाख करोड़+ वार्षिक बजट
• खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप
• हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड
अर्थव्यवस्था, निवेश एवं उद्योग
GDP
• 1 गीगावाट+ सौर ऊर्जा क्षमता
• 42,000+ सोलर रूफटॉप
• वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (सीमांत गांव विकास)
• महक क्रांति व मिलेट्स मिशन
हरित ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास
संस्कृति एवं विरासत का संरक्षण
• केदारनाथ-बदरीनाथ मास्टर प्लान
• मानसखण्ड मंदिर माला मिशन
• शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ
• संस्कृत ग्राम पहल
• गीता अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल
• दून विश्वविद्यालय में हिंदू अध्ययन केंद्र
• स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन (गढ़वाल-कुमाऊं)
सुशासन
• 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान
• 30,000+ युवाओं को सरकारी नौकरी
• 950+ सेवाएं ऑनलाइन (अपुणि सरकार पोर्टल)
• 12,000 एकड़ अतिक्रमण मुक्त
• पेंशन योजनाओं में वृद्धि एवं मासिक भुगतान
• समान नागरिक संहिता
• सशक्त भू-कानून
• सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून
• नकल विरोधी कानून
• अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण
बड़े निर्णय
संकल्प से शिखर तक
SDG
नेशनल लेवल रैंकिंग व प्रोत्साहन
• निर्यात तैयारी सूचकांक में प्रथम (छोटे राज्य)
• एसडीजी इंडेक्स में शीर्ष स्थान
• स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर'
• खनन सुधारों में देश में दूसरा स्थान
• शहरी सुधारों हेतु ₹264.5 करोड़ प्रोत्साहन
30 से अधिक नीतियां
• औद्योगिक नीति, पर्यटन एवं योग नीति
• नई फिल्म नीति (50% तक सब्सिडी)
• मिलेट्स नीति, कीवी नीति (70% अनुदान)
• ड्रैगन फ्रूट प्रोत्साहन योजना
• महक क्रांति 2026-36
• महिला स्वरोजगार एवं लखपति दीदी योजना आदि
नीतिगत सुधार
प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह
स्थानीय लोगों से: बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें
पर्यटकों से: प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
SANSUI
LLOYD
mi
गुरु माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
Festival Offer
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
HOME APPLIANCES पर पाए ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
गुरु माँ
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR - 9927882338, Sony Center- 9927396666, KASHIPUR - Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555,
HALDWANI- Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, GEE AAR Elc. 9719077772,
GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544,
LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, LOHAGHAT - 9568035735, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध की तबाही का संकट

पश्चिम एशिया में ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले के बाद दिनोंदिन हालात जटिल होते जा रहे हैं। साफ है कि युद्ध का प्रत्यक्ष असर भले ही हमले की जद में आए देशों में पड़ रहा हो, लेकिन इसकी वजह से अब दूसरे वैसे देश भी प्रभावित होने लगे हैं, जो अपनी कई जरूरतों के लिए मध्यपूर्व के देशों पर कम या ज्यादा निर्भर हैं।उदाहरण के तौर पर ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया है, तब से उस रास्ते से तेल और गैस लेकर जाने वाले लगभग सभी देशों के जहाजों का भी रास्ता बंद है। कुछ खास स्थितियों में आंशिक इजाजत दी जा रही है, लेकिन उसके सहारे आने वाले दिनों के व्यापक संकट को लंबे समय तक नहीं टाला जा सकता है।तेल और गैस की आपूर्ति में भारी कमी की वजह से उपजे मुश्किल से निपटने के लिए भारत ने रूस सहित अन्य विकल्पों की ओर रुख किया है, मगर इससे स्थितियों को सामान्य बनाने में सीमित मदद ही मिलेगी। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच भारत में भी शुक्रवार को उच्च श्रेणी के पेट्रोल में करीब दो रुपए और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाले डीजल में बाईस रुपए की बढ़ोतरी की गई। हालांकि सामान्य पेट्रोल और डीजल की मौजूदा कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन यह कहना मुश्किल है कि आने वाले कितने दिनों तक इनके दाम स्थिर रहेंगे।मसलन, अगर भारी उद्योगों और बड़ी मशीनों के संचालन में इस्तेमाल में आने वाले औद्योगिक डीजल की कीमतों में खासी बढ़ोतरी हुई है, तो इसका सीधा प्रभाव उत्पादन की लागत पर पड़ेगा। ऐसे में जब औद्योगिक कंपनियों के मुनाफे में कमी आएगी, तो स्वाभाविक रूप से इसके असर से कई अन्य सामान महंगे हो सकते हैं। रसोई गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने के कारण लोगों को पहले ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आम उपयोग के पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होती है, तो यह कोई हैरानी की बात नहीं होगी। इसके बाद इसका असर माल ढुलाई पर पड़ेगा और बाजार में खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बढ़ सकती है। दरअसल, भारत अपनी जरूरत के कच्चे तेल और गैस के लिए खाड़ी देशों से होने वाली आपूर्ति पर काफी हद तक निर्भर है। जब से ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की शुरुआत हुई है, उसके बाद भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में वहां से कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर व्यापक असर पड़ा है। एक ओर प्रभावित देशों की ओर से यह उम्मीद की जा रही है कि किसी भी हाल में वार्ता के जरिए समस्या का हल निकाला जाए और युद्ध रुके, ताकि प्रभावित देशों में स्थिति और ज्यादा न बिगड़े। दूसरी ओर, हालत यह है कि अब युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से बड़े पैमाने पर तेल ठिकानों को भी निशाना बनाया जाने लगा है और व्यापक तबाही सामने आ रही है। जाहिर है, इससे सीधे तौर पर मध्यपूर्व के देशों से अन्य देशों के लिए तेल और गैस की आपूर्ति ठप पड़ेगी तथा इससे संकट का दायरा और विस्तृत होगा।

# क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता को दिखाई हरी झंडी

## धामी सरकार राज्य हित में ले रही है सख्त निर्णय: शिव अरोरा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर आज प्रातः मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता को विधायक शिव अरोरा ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार के 4 साल बेमिसाल रहें। जो देवभूमि उत्तराखंड के प्रगति में मील का पत्थर सबित हुए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सख्त निर्णय व कानून बनाये गये। जिनकी आज तक कल्पना भी किसी के द्वारा नहीं की गई थी। चाहे उसमे सख्त धर्मांतरण कानून के द्वारा लव जिहाद पर लगाम लगाना हो, प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु सख्त नकल विरोधी कानून लागू करना, समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य, उत्तराखंड में कालनेमी ऑपरेशन को लागू करना, वही उत्तराखंड के चोतरफा विकास में सड़क कनेक्टिविटी, रेलवे का विस्तार, छोटे बड़े उद्योगों को राज्य में बढ़ावा देना जैसे अनेको निर्णय से देवभूमि उत्तराखंड की तस्वीर बदलने का कार्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। लगातार खेल के क्षेत्र में भी युवाओं के लिये बेहतर सुविधा ओर अनुकूल वातावरण बनाने का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। विधायक अरोरा ने कहा वही विकास के क्रम में रुद्रपुर को भी इन 4 सालो में बहुत विकास कार्य की सौगात मिली। जिसमे 21 किलो मीटर लंबी रिंग रोड, त्रिशूल चौक से अटरिया मोड तक 8 लाइन रोड का निर्माण, गांधी पार्क सौंदर्य करने हेतु 5 करोड़ का टेंडर, काशीपुर बायपास का चौड़ीकरण निर्माण कार्य आरम्भ, मोदी मैदान में इंडोर आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य विभागीय प्रकिया में, रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज की कक्षाएं इसी 2026 में प्रारंभ करने का पूर्ण प्रयास, केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं 2026 से प्रारंभ करने का पूर्ण प्रयास जैसे अनेको कार्य इस 4 साल की धामी सरकार में यह सब सम्भव हुआ। इसके अलावा रुद्रपुर में शहरी क्षेत्र से लेकर गावों तक सड़को के जाल बिछाने का कार्य स्वयं उनके द्वारा किया गया। विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार के 4 साल पूर्ण होने पर क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा इस दौड़ के तरह उत्तराखंड में विकास का पहिया भी इसी प्रकार दौड़ रहा है। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी, विजय कुमार, मयंक कक्कड़, अभिषेक मिश्रा, सुनील कुमार, राघव सिंह, प्रेमपाल आदि लोग मौजूद रहें।



# नगला में स्थाई न्याय परामर्श केंद्र का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुलभ और त्वरित न्याय पहुँचाने के ध्येय के साथ रविवार को अधिवक्ता परिषद उत्तराखंड की जिला इकाई ऊधम सिंह नगर द्वारा नगला नगर पालिका क्षेत्र में स्थाई न्याय परामर्श केंद्र की स्थापना की गई। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें कानूनी पेचीदगियों से मुक्त, सरल परामर्श उपलब्ध कराना है। घ्कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और श्वंदे मातरमश के गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष एडवोकेट डी. डी. गुणवंत, हाई कोर्ट इकाई की महिला प्रमुख एडवोकेट श्रीमती सीमा शाह, और नैनीताल हाई कोर्ट की अपर महाधिवक्ता श्रीमती पुष्पा भट्ट मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर महाधिवक्ता श्रीमती पुष्पा भट्ट ने परिषद की कार्यशैली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा घ्न्याय परामर्श केंद्र केवल एक कार्यालय नहीं, बल्कि एक ऐसा सेतु है जो आम नागरिक और न्याय व्यवस्था के बीच की दूरी को कम करेगा। अधिवक्ता परिषद का यह उपक्रम समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पुनीत कार्य में सामाजिक कार्यकर्ताओं और परिषद के पदाधिकारियों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से घ्नगर पालिका अध्यक्ष नगला सचिन शुक्ला, घ्सामाजिक कार्यकर्ता ईश्वर पाल चौहान, त्रिलोकी शंकर मिश्रा, हरिओम चौहान,अधिवक्ता परिषद पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष सुश्री अनीता सक्सेना, महामंत्री दुर्गेश मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष राजीव शर्मा और कोषाध्यक्ष विजय प्रजापति सम्मिलित रहे। अधिवक्ता पुष्पा भट्ट ने कहा कि नगला क्षेत्र में स्थापित यह केंद्र स्थानीय निवासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अब क्षेत्र के लोगों को प्रारंभिक कानूनी सलाह के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान परिषद के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे निरंतर विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से जनता को उनके अधिकारों के प्रति सजग करते रहेंगे। घ्अधिवक्ता परिषद का यह कदम श्न्याय सबके लिएश की अवधारणा को धरातल पर उतारने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की है।



# चरस के साथ युवक गिरफ्तार

रामनगर। रामनगर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान उत्तर प्रदेश नंबर की एक कार को रोककर कार सवार को हिरासत में लेतेहुए 317 ग्राम अवैध चरस बरामद की है घटना के संबंध में जानकारी देते हुए सीओ सुमित पांडे ने बताया कि रविवार की सुबह मालधन चौड पुलिस चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार पुलिस कर्मियों के साथ रामनगर हल्द्वानी मार्ग के चेकिंग कर रहे थे इसी बीच में हल्द्वानी की तरफ से यूपी नंबर की एक कार आती हुई दिखाई दी पुलिस को देखकर कार चालक कार को भागने लगा जिस पर पुलिस को शक हुआ और पुलिस ने तत्परता दिखाते



हुए इस कार को रोक कर उसमें सवार नई बस्ती मोहल्ला गूलरघटटी रामनगर निवासी राजसागर को हिरासत में लेते हुए उक्त वाहन की तलाशी लेते हुए कार से 317 ग्राम अवैध चरस बरामद की उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत ही रामनगर कोतवाली पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध नशे के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है उन्होंने बताया कि अवैध चरस के साथ गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है तथा उन्होंने कहा कि अवैध नशे के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# खटीमा अंचल की हरि सत्संग प्रतियोगिता धूमधाम से सम्पन्न

नानकमत्ता। खटीमा अंचल की हरि सत्संग प्रतियोगिता लाइंस पब्लिक स्कूल में बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में किच्छा, मझोला, नानकमत्ता और टनकपुर क्षेत्र की कुल 9 टीमों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागी टीमों ने भजनों, सांस्कृतिक गीतों एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भुवन चंद्र जोशी ने एकल अभियान के माध्यम से संस्कार आधारित शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि विनीता सक्सेना जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा ने एकल अभियान द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान समाज को जागरूक और संस्कारित बनाने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक सुनील रैदानी एवं अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम को अयोध्या में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय हरि सत्संग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा, जिससे प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इस मौके पर वंदना गौर, शांति पांडे, लाल सिंह दायमा, भगवती जोशी, दिनेश अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, श्याम वीर, मोहन, ठाकुर जितेंद्र सिंह, जगदीश चंद्र पांडे, भावना चंद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का निष्पक्ष मूल्यांकन रेनू उपाध्याय एवं प्रीयंका जोशी द्वारा किया गया।




# उत्तराखंड नारी शक्ति रत्न अवॉर्ड सम्मान समारोह आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति द्वारा "उत्तराखंड नारी शक्ति रत्न अवॉर्ड 2026" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आयशा टीम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात समिति द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई एवं सभी विशिष्ट अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों में डॉ. ललित मोहन रखोलिया संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य विभाग, मीना शर्मा पूर्व पालिकाध्यक्ष, रश्मि रस्तोगी भाजपा प्रदेश महामंत्री, महिला मोर्चा,चांदनी कोऑर्डिनेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रीमती बीना नंदन रावत एवं प्रसिद्ध एंकर एवं समाजसेवी सुबीर वंदना दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। जिनमें स्वागत गीत, भोजपुरी छठी मैया ग्रुप डांस, पहाड़ी एवं कुमाऊनी झोड़ा नृत्य, पंजाबी डांस, महिला जीवन, नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक प्रमुख रहे। महिला स्वास्थ्य एवं मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर आधारित नाटक ने विशेष रूप से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर जिन व्यक्तियों को "उत्तराखंड नारी शक्ति रत्न अवॉर्ड 2026" से सम्मानित किया गया उनमें डॉ. रीतू रखोलिया, राधा सुभाष, मुकेश सुयाल, कविता रावत, इशु चंद्रा धालीवाल, ममता नेगी, शशि सिंह, सीता सुनील चौरसिया, हरविंदर सिंह चुघ, लीलावती अधिकारी, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव टंडन, दुर्गावती यादव, पुष्पा पानू, रूपा रानी, आशा सुरजीत, दीपा अधिकारी एवं आशा शुक्ला शामिल हैं। इन सभी सम्मानित व्यक्तियों ने समाज में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि के रूप में समिति द्वारा 600वीं पदयात्रा भी निकाली गई, जिसका उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना एवं सेवा, स्वास्थ्य एवं संस्कार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। समिति की अध्यक्षा डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, समाज में जागरूकता फैलाना और सेवा, स्वास्थ्य एवं संस्कार के मूल्यों को आगे बढ़ाना है।



# राष्ट्र पुनर्जागरण के प्रणेता थे डा. हेडगेवारः चन्द्र शेखर

## हल्द्वानी में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आरएसएस ने निकाला विशाल पथ संचलन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हल्द्वानी नगर ने एक विशाल पथ संचलन का आयोजन किया। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर से प्रारंभ हुआ यह पथ संचलन रेडियेंट हॉस्पिटल, संघ कार्यालय मुखानी होते हुए कालूसाई मंदिर तक पहुंचा और पुनः उत्थान मंच हीरानगर लौटा। सैकड़ों स्वयंसेवकों की भागीदारी वाले इस आयोजन में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उत्थान मंच हीरानगर में एकत्र स्वयंसेवकों के समक्ष उत्तराखंड प्रांत के प्रांत संघचालक प्रोफेसर बहादुर सिंह बिष्ट, जिला संघचालक डॉ. नीलांबर भट्ट, नगर संघचालक विवेक कश्यप एवं सहप्रांत प्रचारक चन्द्रशेखर ने डॉ. हेडगेवार जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सहप्रांत प्रचारक चन्द्रशेखर ने बौद्धिक सत्र संबोधित किया जिसमें वर्ष प्रतिपदा के गौरवपूर्ण इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। सहप्रांत प्रचारक चन्द्रशेखर ने बताया कि ब्रह्म पुराण के अनुसार चौत्र मास के प्रथम दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि संरचना प्रारंभ की, इसलिए भारतीय परंपरा में चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्षारंभ माना जाता है। यह दो ऋतुओं का संधिकाल होने से प्रकृति नव रूप ध ारण करती है, बर्फ पिघलती है, आमों पर बौर आता है तथा समस्त सृष्टि ऊर्जावान हो उठती है। उन्होंने उल्लेख किया कि इसी दिन 2054 वर्ष पूर्व उज्जयिनी नरेश महाराज विक्रमादित्य ने



शकों पर विजय प्राप्त कर विक्रमी संवत् की शुरुआत की, साथ ही भगवान राम एवं महाराज युधिष्ठिर के राज्याभिषेक का भी स्मरण किया। चन्द्रशेखर ने कहा कि हमारी विक्रमी संवत् सूर्य-चंद्रमा की गति पर आधारित वैज्ञानिक काल गणना है, जो विश्व की सबसे प्राचीन है। नासा वैज्ञानिक भी भारतीय परंपराओं पर शोध कर रहे हैं। उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार जी को राष्ट्र पुनर्जागरण का प्रणेता बताया, जिन्होंने समाज संगठन हेतु आरएसएस की स्थापना की ताकि हिंदू समाज जागरूक, शक्तिशाली एवं अनुशासित बने। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार केवल संगठन संस्थापक नहीं, अपितु राष्ट्रीय पुनर्जागरण के यजमान थे। आज विकसित भारत के दौर में उनकी दूरदृष्टि प्रासंगिक है। श्संघे शक्ति कलयुगेश के सूत्र को याद करते हुए पूर्वजों जैसे शिवाजी महाराज एवं महाराणा प्रताप के उदाहरण दिए। ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र करते हुए जाति पंथ भेद त्यागकर राष्ट्र सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। सभी से राष्ट्र सेवा में जीवन समर्पित करने एवं डॉ. हेडगेवार के सपनों के भारत निर्माण में योगदान देने को कहा। पथ संचलन में जिला प्रांत संघचालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट, जिला संघचालक डॉ. नीलांबर भट्ट, नगर संघचालक विवेक कश्यप, जिला प्रचारक जितेंद्र, नगर प्रचारक प्रभाकर, विभाग प्रचार प्रमुख उमेश साह, सह जिला प्रचार प्रमुख भुवन, मुख्य शिक्षक कमल, नगर कार्यवाह प्रकाश पाण्डेय, सह नगर कार्यवाह तनुज गुप्ता, प्रहलाद मेहरा, जिला शारीरिक प्रमुख सूरज तिवारी, जिला सहबौद्धिक प्रमुख कमलेश त्रिपाठी, नगर बौद्धिक प्रमुख मनोज, प्रचार प्रमुख डॉ. नवीन शर्मा, उपनगर कार्यवाह नितिन ललित, हिमांशु, रूपचंद्र समेत सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे। इस दौरानः डॉ. नवीन शर्मा, नगर प्रचार प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवकों का समाज के प्रति बड़ा दायित्वः शैलेन्द्र

## रूद्रपुर में वर्ष प्रतिपदा पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में रविवार को बड़े ही हर्षो उल्लास के





साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार दीक्षित एजीपी कंपनी सितारगंज के सीईओ ने की रही। मुख्य वक्ता डॉक्टर शैलेंद्र प्रांत प्रचारक उत्तराखंड ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को नव वर्ष की बधाई देते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार जितना वृहद हुआ है ,समाज की अपेक्षाएं संघ के कार्यकर्ताओं से उतनी ही बड़ी है तथा स्वयंसेवकों का समाज के प्रति दायित्व उतना ही बड़ा है। शैलेंद्र ने संघ द्वारा शताब्दी वर्ष में लिए गए पंच परिवर्तन की जानकारी विस्तृत रूप से दी। उन्होंने कहा पांच परिवर्तन के पांचो बिंदु समाज तथा राष्ट्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। समरसता तथा पर्यावरण के लिए भी हर नागरिक को जिम्मेदारी लेनी होगी। वर्तमान में जिस प्रकार परिवार संकुचित होते जा रहे हैं। परिवार प्रबोधन में विस्तृत जानकारी देते हुए आदर्श परिवार किस प्रकार होने चाहिए विस्तार से सभी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी तथा नागरिक कर्तव्य एवं स्वदेशी का भाव हर जन के अंदर होना ही चाहिए। इसके पश्चात कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवकों द्वारा शारीरिक कार्यक्रम सामूहिक योग किया गया। उसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणेश में संचलन निकाला। संचालन शैल भवन गंगापुर रोड़ से प्रारंभ होकर वापस शैल भवन पर संपन्न हुआ। संचलन मार्ग में जगह-जगह माता एवं बहनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया।

# आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन पर पांच बाइक हुई जब्त

नानकमत्ता। क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरक्षित वन क्षेत्र से अवैध रूप से जलौनी लकड़ी का परिवहन कर रहे लोगों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने मौके से 5 मोटरसाइकिलें बरामद कीं, जिन पर अवैध जलौनी लकड़ी लदी हुई थी। वन कर्मियों ने जब संदिग्ध वाहनों को रोकने का प्रयास किया, तो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद टीम ने सभी जब्त मोटरसाइकिलों और लकड़ी को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से बिछुआ वन परिसर पहुंचाया। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार,



मामले की जांच की जा रही है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया कि आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध कटान और लकड़ी परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में वन दरोगा शेर सिंह बोहरा, त्रिलोक सिंह बोरा, वन बीट अधिकारी मोनेंद्र सिंह, योगेश गिरी, नीतू, रीना सहित दैनिक श्रमिक एवं अग्नि सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बुक किए गैस सिलेंडर की 'फर्जी डिलीवरी' गैस एजेंसी पर हुआ बवाल

रुद्रपुर। काशीपुर बाईपास रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी में सोमवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब दर्जनों उपभोक्ताओं को पता चला कि उनके द्वारा बुक किए गए गैस सिलेंडर एजेंसी के रिकॉर्ड में पहले ही डिलीवर दिखाए जा चुके हैं, जबकि उन्हें सिलेंडर मिला ही नहीं था। इस गड़बड़ी से आक्रोशित उपभोक्ताओं ने एजेंसी परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार, तड़के करीब 3 बजे से ही उपभोक्ता एजेंसी के बाहर लाइन में लगना शुरू हो गए थे। घंटों इंतजार के बाद जब उनकी बारी आई तो कई लोगों को कर्मचारियों ने यह कहकर लौटा दिया कि उनके सिलेंडर की डिलीवरी पहले ही हो चुकी है। यह सुनकर उपभोक्ता हैरान और परेशान हो गए। मामले की सूचना मिलने पर प्रखर वक्ता एवं समाजसेवी सुशील गाबा मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं के साथ मिलकर एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध जताया। उन्होंने प्रबंधन से इस गंभीर लापरवाही पर जवाब मांगा, लेकिन एजेंसी के पास कोई संतोषजनक



उत्तर नहीं था। आक्रोश बढ़ता देख अंततः प्रबंधन ने सभी प्रभावित उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने पर सहमति जताई और वितरण शुरू किया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उपभोक्ताओं के नाम पर दर्ज सिलेंडर आखिर किस कर्मचारी द्वारा और किसे वितरित किए गए। इस मामले में जिम्मेदारी तय नहीं हो पाई है। संजयनगर निवासी लिपिका (पत्नी स्व. प्रदीप) ने बताया कि वह सुबह 4 बजे से लाइन में लगी थीं, लेकिन कर्मचारियों ने यह कहकर सिलेंडर देने से मना कर दिया कि उनके नाम पर पहले ही डिलीवरी हो चुकी है। ट्रांजिट कैंप निवासी विजय सारस्वत (पुत्र जमना प्रसाद) के मोबाइल पर गैस डिलीवरी का मैसेज आया, जबकि उन्हें सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ था। परेशान होकर वह अवकाश लेकर एजेंसी पहुंचे। पहले उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई, लेकिन बाद में सुशील गाबा के हस्तक्षेप के बाद उन्हें सिलेंडर देने की बात मानी गई।

## पेज एक का शेष...

**विकास का हर संकल्प......**करेंगे। श्री धामी ने कहा कि एक मुख्यमंत्री के रूप में वह लिए गये सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, बेरोजगार युवकों को रोजगार के निरंतर अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। आम जनता की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इन चार वर्ष के कार्यकाल में किसानों की आय दो गुना हुई, राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन किया गया जिसमें राज्य के कई प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे आने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि देवभूमि राज्य आज विकास के क्षेत्र में देश में प्रमुख स्थान बनता जा रहा है। श्री धामी ने कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा सरकार जब भी देवभूमि संस्कृति को दूषित करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई करती है या जनहित में कोई बड़ा फैसला लेती तो इन्हें तकलीफ होने लगती है। पूर्व कांग्रेस सरकार में खनन व शराब माफिया पूरी तरह से हावी थे। परंतु अब इन पर पूरी तरह से लगाम लगा दी गई है। पहले पटवारी घोटाला, दरोगा भर्ती घोटाला,एनएच 74 घोटाला आदि घोटाले सामने आ चुके हैं,परंतु अब भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिकता कानून लागू किया गया,इसके साथ ही धर्मान्तरण, लव जेहाद, लैंड जेहाद के विरूद्ध भी कानून लागू किये गये जिससे कांग्रेस नेताओं को हमेशा तकलीफ होती रही। श्री धामी ने कहा के देवभूमि की संस्कृति को दूषित करने वालों को बिल्कुल नहीं बख्शा जायेगा और उन्हें राज्य से बाहर निकाल वहीं वापस भेजा जायेगा जहां से वह इस देवभूमि पर आयें हैं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री धामी ने अन्य मंत्रियों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राम सिंह कैडा,राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, सविता कपूर, मेयर सौरभ बहुगुणा सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक पुलिस अधिकारी मौजूद थें। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री खजान दास सहित अन्य प्रतिनिधियों ने धामी सरकार के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि, जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत और प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए, बिजली उत्पादन में तीन गुना वृद्धि हुई। देश, प्रदेश का भविष्य, युवा पीढ़ी के लिए भी ऐतिहासिक कार्य सरकार ने किए हैं। उन्होंने कहा कि चार वर्षों में मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां को छुआ है। प्रदेश की जनता, सरकार के विकास और कल्याण के कामों से संतुष्ट है। जनता की यही संतुष्टि वर्तमान सरकार के शेष एक वर्ष में अधिक कर्मठता और क्षमता से काम करने की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने दावा किया कि आज की परिस्थिति में पीएम मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में 2027 का चुनाव हम जीतने जा रहे हैं। आने वाले एक वर्ष का काम, इसमें बोनस साबित होगा और हमारी जीत को प्रचंड बनाने में मददगार होगा।

**आंदोलनकारियों के सपने.........**में 25% और होमस्टे में 50% की वृद्धि दर्ज की गई है। सीएम ने कहा कि राज्य में 44% रिवर्स पलायन हुआ है और नीति आयोग की रिपोर्ट 2023-24 में उत्तराखंड ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया।

**नवरात्र में नॉनवेज.......**सराहना हो रही है। ऐसे में नगर निगम सीमा के भीतर स्थित होटल में नॉनवेज परोसे जाने का आरोप प्रशासन के लिए चुनौती बनकर उभरा है।इससे पहले भी केएफसी और बर्गर किंग पर नॉनवेज बिक्री के मामलों में नगर निगम की टीम ने चालानी कार्रवाई की थी। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस मामले में भी उसी तरह सख्ती दिखाता है या फिर कार्रवाई में ढील बरती जाती है। फिलहाल, इस घटनाक्रम को लेकर शहर में चर्चाओं का दौर तेज है और आमजन की नजर अब नगर निगम की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# बदमाश को तमंचे के साथ दबोचा

काशीपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में मंडी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक और बदमाश को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से अवैध तमंचा बरामद किया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि मंडी चौकी प्रभारी अर्जुन सिंह कांस्टेबल दिनेश त्यागी व कांस्टेबल बृजेश को साथ लेकर क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान संदीप हालत में चहल कदमी करते हुए खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई निवासी अमित कुमार पुत्र राम अवतार को पुलिस टीम ने शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# नगर निगम में निशुल्क चिकित्सा कैंप कल

काशीपुर। नगर निगम परिसर में 24 मार्च को एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को यानि कल सुबह 11 :00 से अपराह्न बाद 3 :00 बजे तक लगने वाले मेडिकल कैंप में 40 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों का घुटना एवं हिप एक्स-रे के अलावा ईएनटी एंडोस्कोपी आंखों की जांच (विजन टेस्ट) बीपी एवं शुगर जांच के अलावा न्यूरोपैथी टेस्ट किए जाएंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


भाजपा युवा मोर्चा के
जिला कोषाध्यक्ष
बनने पर
हार्दिक बधाई
एवं शुभकमानाए
मुनि भुसरी
जिला कोषाध्यक्ष,भाजयुमो
गुंजन सुखीजा
प्रदेश मंत्री,भाजपा
उत्तराखण्ड
सुरेश खुराना
मण्डल अध्यक्ष,भाजपा
गदरपुर
कपिल गण्डा
वरिष्ठ भाजपा नेता
गदरपुर